उस कुत्ते को क्या हो गया है?

माइक माइकल्स

चित्र: रूथ वुड



ICE CREAM
Loopy's House

उस कुत्ते को क्या हो गया है?

माइक माइकल्स

चित्र: रूथ वुड

देखो!

एक उड़ता हुआ कुत्ता—

और एक उड़ता हुआ कुत्ताघर!

वे यहाँ कैसे पहुँचे?

कुत्ता

और कुत्ताघर एक ट्रक पर थे.

ट्रक एक बड़े बम्प से होकर गुजरा,

जिससे कुत्ता और कुत्ताघर

उड़कर दूर गिर गए.

"रुको!" डैनी ने

ट्रक के ड्राइवर को आवाज़ दी.

"रुको! रुको!" पीट और केट ने आवाज़ दी.

लेकिन ट्रक का ड्राइवर नहीं रुका.

"कितना मज़ेदार कुत्ता है!" पीट ने कहा.

"और कितना मज़ेदार घर है!"

केट ने कहा. “देखो, कुत्तेघर पर

कुछ लिखा है?"

"कुछ मूर्खतापूर्ण लिखा हैं," पीट ने कहा.

"नहीं," डैनी ने कहा. "देखो!

उस पर लिखा है लूपी का घर.

"यह लूपी है! लूपी यहाँ आओ!"

"यहाँ आओ लूपी!" पीट ने कहा.

"यहाँ आओ."

लेकिन लूपी नहीं आया.

"यहाँ आओ लूपी!" केट ने कहा.

"यहाँ आओ."

लेकिन लूपी नहीं आया.

"उस कुत्ते को क्या हो गया है?"

डैनी ने कहा.

तभी एक माँ और एक बच्चा आए.

"अच्छा कुत्ता है!" माँ ने कहा,

और फिर वह आगे बढ़ गई.

लूपी बच्चे की प्रैम पर कूदा.

"नहीं, नहीं!" माँ चिल्लाई.

"तुम यहाँ से भागो!

न जाने उस कुत्ते को क्या हो गया है?"

"नहीं, लूपी, नहीं!" डैनी ने कहा.

और उसने लूपी को उठा लिया.

एक आदमी घास काट रहा था.

पुट-पुट-पुट-पुट-पुट.

वो आदमी, गोल-गोल चक्कर लगाता हुआ

घास काट रहा था.

लूपी ने भी वैसा ही किया.

फिर वो उसके ट्रैक्टर पर जाकर बैठ गया.

"भागों यहाँ से!" आदमी चिल्लाया.

"डैनी, इस कुत्ते को ले जाओ."

"नहीं, लूपी, नहीं!" डैनी ने कहा,

फिर उसने लूपी को उठा लिया.



तभी एक आइसक्रीम का ठेला

सड़क पर आया.

लूपी तुरंत ठेले पर कूदा.

"इस कुत्ते को न जाने क्या हो गया है?"

आइसक्रीम वाले ने कहा.

"हमें नहीं पता," डैनी ने कहा.

"शायद उसे आइसक्रीम चाहिए,"

आइसक्रीम वाले ने कहा.

"लो लूपी, आइसक्रीम खाओ!"

लेकिन लूपी को आइसक्रीम नहीं चाहिए थी.

तभी एक लड़की स्टोर से बाहर निकली.

उसके पास सामान से भरे कई बैग थे.

उसके पीछे-पीछे लूपी भी था.

लूपी उछलकर अंडों पर बैठ गया.

"बाप रे, मेरे अंडे!" लड़की चिल्लाई.

"देखा तुमने क्या किया!"

फिर लूपी वहां से भाग गया.

लूपी सड़क पर भागा.

उसने एक बस देखी.

बस छूटने ही वाली थी.



लूपी बस में कूदा,

लेकिन डैनी उसके पीछे दौड़ा

और उसने लूपी को बस से

बिल्कुल सही समय पर उतार लिया.

"उस कुत्ते को पता नहीं क्या हो गया है?"

बस ड्राइवर ने कहा.

"लूपी, तुम्हें क्या हो गया है?"

केट ने पूछा.

"तुम बस में चढ़े...

और तुम आइसक्रीम के ठेले पर कूदे...

और फिर तुम अंडों पर बैठे."



"तुम्हें क्या हुआ है, लूपी?"

पीट ने पूछा.

"फिर लूपी रोलर स्केट पर चला," डैनी चिल्लाया.

"उसे पकड़ो, उसे पकड़ो!" पीट चिल्लाया.

लूपी पहाड़ी से नीचे उतरा,

स्केट करते हुए -

तेज़-तेज़

और तेज़.



"ज़रा देखो!" केट चिल्लाई.

"ज़रा देखो!" डैनी और पीट चिल्लाए.

"रुको, रुको!"



एक कार रुकी.

और एक बस रुकी.



एक दमकल गाड़ी...

और छह ट्रक रुके.



आखिर में लूपी रुका,

वो ठीक एक पुलिसवाले के ऊपर जाकर गिरा.

"क्या यह तुम्हारा कुत्ता है?"

पुलिसवाले ने पूछा.



"नहीं," केट ने कहा.

"नहीं," डैनी ने कहा.

"नहीं," पीट ने कहा.

"ओह-हो!" पुलिसवाले ने कहा.

"मतलब इस लावारिस कुत्ते का कोई घर नहीं है.

उसे मेरे साथ चलना होगा."

"ओह, नहीं!" पीट ने कहा.

"कृपया!" डैनी ने कहा,

"कृपया उसे न ले जाएं."

"मुझे दिखाओ," पुलिसवाले ने कहा.

"उसका एक घर है," केट ने कहा.

"मेरे साथ चलें और देखें."

"देखें!" केट ने कहा.

"यह घर नहीं है,"

पुलिसवाले ने कहा.

"वो तो एक कुत्ताघर है."

तभी एक ट्रक रुका.

लूपी भागा और ट्रक में कूद गया.

"पता नहीं उस कुत्ते को क्या हो गया है?"

पुलिसवाले ने कहा.





फिर एक आदमी ट्रक से कूदा.

उसने लूपी के कुत्तेघर को

अपने ट्रक में रख दिया.

"मेरे कुत्ते को कुछ भी नहीं हुआ है," ट्रक वाले ने कहा.

"उसे बस किसी भी गाड़ी में, किसी भी समय

सवारी करना पसंद है.



चलो, लूपी,

चलो सवारी करते हैं."



फिर लूपी ट्रक में सवार होकर चला गया.

और इस बार ट्रक

किसी बड़े बम्प से नहीं टकराया.

समाप्त

ICE CREAM
LOOPY'S HOUSE